फाइल सं. ए.12018/14/2017-कुष्ठ
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(सीसीडी अनुभाग)

विषय - केन्द्रीय कुष्ठ रोग शिक्षण और अनुसंधान संस्थान (सीएलटीआरआई), चेंगलपट्टु में सहायक नर्सिंग अधीक्षक समूह 'क' के पद के लिए भर्ती नियमों में संशोधन पर सार्वजनिक नोटिस के संबध में।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिंनाक 13.10.2015 के का.ज्ञा.सं एबी. 14017/61/2008-स्था.(आरआर) के अनुपालन में, केन्द्रीय कुष्ठ रोग शिक्षण और अनुसंधान संस्थान (सीएलटीआरआई), चेंगलपट्टु में सहायक नर्सिंग अधीक्षक समूह 'क' के पद के लिए भर्ती नियमों का मसौदा संलग्न है।

2. भर्ती नियमों के मसौदे पर कोई आपत्तियां/टिप्पणियां या सुझाव देने वाले इच्छुक हितधारक मसौदा भर्ती नियमों के प्रकाशन की तारिख से 30 दिनों की अवधि के भीतर लिखित रुप में अपनी आपत्तियां/टिप्पणियां या सुझाव, श्री गणेश कुमार, अवर सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा सं 414- डी, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110011 या ई-मेल पर भेज सकते है। kumar.g@nic.in

(गणेश कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 23063481

नई दिल्ली
दिनांक

[भारत के राजपत्र, भाग II, खण्ड–3, उप-खण्ड (i) में प्रकाशनार्थ]

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, तारीख ,2024

**अधिसूचना**

सा.का.नि. ....... - राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केंद्रीय कुष्ठ शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेंगलपट्टू में सहायक नर्सिंग अधीक्षक, (समूह 'क' राजपत्रित) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ -** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय कुष्ठ शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेंगलपट्टू, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, (समूह 'क' राजपत्रित) भर्ती नियम, 2024 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर –** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उनसे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि** - उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **निरर्हता**: वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति:** जहाँ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति**: इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

## अनुसूची

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन या अचयन पद | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियो के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| सहायक नर्सिंग अधीक्षक (समूह 'क' राजपत्रित) | 02* (2024) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-10 (56100-177500 रुपये)। | चयन। | लागू नहीं होता। |

| सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियो के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियो की दशा में लागू होंगी या नही | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियो द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियो की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (01) |
| लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | दो वर्ष। | 100 % प्रोन्नति द्वारा। |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है , तो उसकी संरचना क्या है? | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (21) | (31) |
| वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के काडर से, वेतन मैट्रिक्स में स्तर-8 में छह वर्ष की नियमित सेवा सहित। | विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना :-<br><br>1. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्य - अध्यक्ष;<br>2. संयुक्त सचिव (नर्सिंग), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय - सदस्य;<br>3. अपर महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय - सदस्य;<br>4. निदेशक, केंद्रीय कुष्ठ शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेंगलपट्टू - सदस्य।<br><br>विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) की संरचना :-<br><br>1. संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अध्यक्ष;<br>2. उप महानिदेशक (कुष्ठ), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय - सदस्य;<br>4. निदेशक, केंद्रीय कुष्ठ शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेंगलपट्टू - सदस्य। | लागू नहीं होता। |

[फा. सं. ए.12018/14/2017 –कुष्ठ]

(गणेश कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार